प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 17 सितम्बर, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा मध्यप्रदेश से शुभारंभ 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के अवसर पर सदर अस्पताल, राँची में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन विशेष महत्व रखता है। आज हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का जन्मदिन है। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री जी को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भारत ने पिछले एक दशक में सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि प्रधानमंत्री जी सदैव जनकल्याण को अपनी नीतियों का केंद्रबिंदु मानते हैं। इस अभियान के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य और परिवार के सशक्तिकरण को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने पर और जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि “स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की आधारशिला है और सशक्त परिवार ही सशक्त भारत का निर्माण करता है।” इस अभियान के अंतर्गत झारखण्ड में आयुष्मान आरोग्य

मंदिरों से लेकर जिला अस्पतालों तक स्वास्थ्य जाँच और जागरूकता शिविर आयोजित किए जाने हैं।

माननीय राज्यपाल ने कहा कि इस अभियान की पूर्ण सफलता तभी संभव है जब जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्यकर्मी, पंचायत सदस्य, स्वयं सहायता समूह, आंगनबाड़ी सेविकाएँ, सहिया दीदी, स्वयंसेवी संस्थाएँ और मीडिया, सभी सक्रिय भागीदारी निभाएँ। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि झारखण्ड के अधिकारी, चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी और नागरिक मिलकर इस अभियान को स्वास्थ्य-जागरण का महाअभियान बनाएँगे।

राज्यपाल महोदय ने सभी से आह्वान किया कि वे पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ इस अभियान को सफल बनाकर आदरणीय प्रधानमंत्री जी के स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाएँ।